भारत सरकार
नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 2686
मंगलवार, दिनांक 11 अगस्त, 2026 को उत्तर दिए जाने हेतु

पीएमएसजीएमबीवाई के तहत हुई प्रगति

2686 श्री कार्तिकेय शर्मा:

क्या नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) पीएम सूर्य घर: मुफ़्त बिजली योजना (पीएमएसजीएमबीवाई) के तहत क्या प्रगति हुई है, और योजना के शुभारंभ से लेकर आज की तिथि तक संस्थापित रूफटॉप सोलर सिस्टम की संख्या और कुल संस्थापित क्षमता कितनी है;

(ख) तत्संबंधी राज्य-वार ब्यौरा क्या है, और हरियाणा में लाभार्थी परिवारों की संख्या और संस्थापित क्षमता कितनी है; और

(ग) इस योजना के तहत बिजली बिलों, कार्बन उत्सर्जन और व्यस्ततम समय में मांग में कितनी अनुमानित कमी आई है?

उत्तर
नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा एवं विद्युत राज्य मंत्री
(श्री श्रीपाद येसो नाईक)

(क) से (ग): पीएमएसजी: एमबीवाई एक मांग संचालित योजना है जिसमें देश के सभी आवासीय उपभोक्ता, जिनके पास स्थानीय डिस्कॉम का ग्रिड-कनेक्टेड बिजली कनेक्शन है, योजना के राष्ट्रीय पोर्टल (www.pmsuryaghar.gov.in) पर आवेदन द्वारा आरटीएस प्रणालियों की स्थापना के लिए योजना का लाभ उठा सकते हैं।

योजना के अंतर्गत, फरवरी 2024 में योजना की शुरुआत से, दिनांक 05.08.2026 की स्थिति के अनुसार, देश भर में योजना के अंतर्गत कुल 77,65,047 आवेदन प्राप्त हुए हैं, 14,894.95 मेगावाट की कुल स्थापित क्षमता के साथ कुल 41,94,051 आरटीएस प्रणालियां स्थापित की गई हैं, जिससे 50,43,893 घर लाभान्वित हुए हैं तथा केंद्रीय वित्तीय सहायता (सीएफए) के रूप में 28,390.50 करोड़ रु. की कुल राशि जारी की गई है। राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार विवरण अनुलग्नक में दिया गया है।

तदनुसार, फरवरी 2024 में योजना की शुरुआत से, दिनांक 05.08.2026 की स्थिति के अनुसार, हरियाणा राज्य में योजना के अंतर्गत, कुल 1,95,485 आवेदन प्राप्त हुए हैं, 393.10 मेगावाट की कुल स्थापित क्षमता के साथ कुल 1,19,525 आरटीएस प्रणालियां स्थापित की गई हैं, जिससे 1,29,492 परिवार लाभान्वित हुए हैं तथा सीएफए के रूप में 771.79 करोड़ रु. की कुल राशि जारी की गई है।

इस योजना के तहत स्थापित आरटीएस वाले उपभोक्ताओं के बिजली बिलों में काफी कमी आई है, डिस्कॉम द्वारा देश भर में 18.93 लाख से अधिक लाभार्थियों को किसी भी महीने/बिलिंग अवधि के दौरान योजना के तहत आरटीएस सिस्टम की स्थापना के बाद शून्य बिजली बिल प्राप्त करने की सूचना दी गई है, जो बिजली की उनकी स्वयं की खपत पर निर्भर करता है।

पीएमएसजी:एमबीवाई के अंतर्गत, एक करोड़ घरों में आरटीएस स्थापना से 1,000 बिलियन यूनिट नवीकरणीय विद्युत का उत्पादन अनुमानित है, जिसके परिणामस्वरूप आरटीएस प्रणालियों की 25 वर्षों के उपयोग काल के दौरान 720 मिलियन टन कार्बन डाइ ऑक्साइट उत्सर्जन में कमी आने का अनुमान है।

अनुलग्नक-I

'पीएमएसजीएमबीवाई के तहत हुई प्रगति' के संबंध में पूछे गए दिनांक 11.08.2026 के राज्य सभा अतारांकित प्रश्न सं. 2686 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

देश भर में पीएमएसजी:एमबीवाई के अंतर्गत हुई प्रगति का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र वार विवरण (दिनांक 05.08.2026 की स्थिति के अनुसार)

क्र. सं.	राज्य	आवेदन (सं.)	स्थापना (सं.)	लाभान्वित परिवार (सं.)	स्थापित क्षमता (मेगावाट में)	जारी की गई सब्सिडी (करोड़ रु.)
1	गुजरात	1178459	780553	1127106	2924.99	5711.13
2	महाराष्ट्र	1459943	711190	1103999	2608.12	5139.39
3	उत्तर प्रदेश	1183914	729337	737191	2456.15	4842.99
4	केरलम्	426486	315129	322052	1220.83	2098.35
5	राजस्थान	461268	283051	292210	1097.92	1896.75
6	आंध्र प्रदेश	912788	278438	283068	843.48	1539.14
7	मध्य प्रदेश	227332	160900	166296	602.43	1131.60
8	असम	444393	165589	166170	545.69	1198.85
9	ओडिशा	305659	161056	162148	386.05	733.77
10	हरियाणा	195485	119525	129492	393.10	771.79
11	तमिलनाडु	106266	88133	104059	320.24	588.64
12	उत्तराखंड	143406	98443	98807	354.41	768.56
13	छत्तीसगढ़	196400	87106	89600	311.61	518.65
14	तेलंगाना	87832	56462	72298	207.94	334.53
15	जम्मू और कश्मीर	87135	39928	40081	143.02	305.90
16	कर्नाटक	56670	23365	36159	95.51	168.61
17	बिहार	95121	25241	25883	91.32	170.30
18	पंजाब	27130	17697	17829	79.28	113.56
19	राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली	59375	10925	15914	48.28	74.29
20	हिमाचल प्रदेश	17616	12172	12205	41.72	90.71
21	मेघालय	1015	61	9307	0.19	0.33
22	पुदुचेरी	6649	4960	5037	17.70	33.03
23	गोवा	4586	3415	4656	28.16	23.24
24	त्रिपुरा	8023	4586	4598	15.74	33.94
25	पश्चिम बंगाल	45506	3641	4327	12.24	11.73
26	झारखंड	10511	3390	3620	14.31	22.10
27	लद्दाख	2680	2072	2072	6.85	15.69

28	मणिपुर	3394	1596	1596	6.16	11.99
29	चंडीगढ़	1640	1392	1392	5.73	8.49
30	मिजोरम	1520	1379	1382	5.58	10.64
31	लक्षद्वीप	1403	1209	1209	4.05	9.94
32	दादरा एवं नगर हवेल तथा दमन एवं दीव	3595	1171	1171	3.04	5.59
33	नगालैंड	913	459	459	1.54	3.23
34	अंडमान एवं नीकोबार द्वीपसमूह	695	418	438	1.37	2.66
35	सिक्किम	160	61	61	0.20	0.39
36	अरुणाचल प्रदेश	79	1	1	0.00	0.01
	कुल	**77,65,047**	**41,94,051**	**50,43,893**	**14,894.95**	**28,390.50**

*****